## सार-समाचार

### ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

**करौली**, (निसं)। करौली-हिंडौन सड़क मार्ग स्थित पांचना पुल पर ट्रक कि टक्कर से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों कि मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने घटनास्थल पर प्रदर्शन किया। इससे सड़क पर वाहनों कि लंबी कतारें लग गई। बिरवास गांव के समय सिंह जाटव और सोनू सिंह राजपूत करौली कि ओर आ रहे थे। तेज रफ्तार ट्रक हिण्डौन की ओर जा रहा था। पांचना पुल पर ट्रक ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे कि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुँचे। समय सिंह को करौली अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनू सिंह के शव को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने देर रात्रि को घटनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इससे सड़क पर वाहनों कि लंबी कतार लग गई। उपजिला कलेक्टर प्रेमराज मीना ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसमें मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, एक परिजन को सरकारी नौकरी और आरोपी ट्रक ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग कि। प्रशासन ने मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने दोनों के शवों का रविवार को प्रात पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामले कि जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**करौली**, (निसं)। करौली में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गंगापुर मार्ग स्थित डफलपुर मोड़ पर एक बेकाबू ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे राहुल बैरवा को टक्कर मार दी। हादसे में पानी के टैंकर सहित ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार राज बैरवा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को करौली जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। राज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर रेफर किया गया।जानकारी में सामने आया कि कुड़गांव निवासी राहुल पुत्र मीठालाल बैरवा अपने खेत की ओर जा रहा था तभी हादसा हो गया। पुलिस ने रात्रि को शव को पोस्टमार्टम कक्ष मे रखवाकर सोमवार प्रातः पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही कराई। कुड़गांव थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से परिजनों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### आशीष का चयन, किया स्वागत

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। समीपवर्ती गांव गढ़ी पट्टी के मूल निवासी आशीष जगरबाड़ के भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष और उल्लास की लहर दौड़ गई। पहली बार गांव लौटने पर फैलीपुरा, टोडूपुरा, कटकड़ मोड़, गुर्जर गांवड़ा, गांवड़ा मीना और गढ़ी पट्टी में पंच-पटेलों ने साफा व माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय आदिवासी मीना महासभा के प्रदेश प्रवक्ता हेमराज जगरबाड़ ने बताया कि आशीष ने दिल्ली से आईआईटी की पढ़ाई पूरी की और तुरंत अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम, नोएडा में एसोसिएट इंजीनियर के रूप में प्लेसमेंट हासिल किया। नौकरी के दौरान केवल दो महीने की तैयारी के लिए समय निकालकर, दिन में तीन-तीन घंटे पढ़ाई कर, मात्र 22 वर्ष की आयु में पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा पास कर बनने का गौरव हासिल किया। आशीष के पिता उत्तम सिंह, उत्तम क्लासेस, जयपुर के डायरेक्टर हैं। वे अट्ठाईसा क्षेत्र से पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने साक्षात्कार तक का सफर तय किया, लेकिन चयन नहीं हो सका। उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा में सहकारी पद पर दो वर्ष तक नौकरी की, फिर कोचिंग संस्थान शुरू किया। आशीष ने अपने पिता के अधूरे सपने को साकार किया। उनकी मां उर्मिला देवी गृहिणी हैं, जबकि बहन संजना जगरबाड़ इंजीनियर हैं।आशीष की इस उपलब्धि से क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिली है। उनकी सफलता ने साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से कस्बे के गंगाजी गोला स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में पहलगाम आंतकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्घांजलि दी गई।शाखा संयोजक संस्कार रोहित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से गंगाजी गोला स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में श्रद्घांजलि सभा की गई। सभा में पहलगाम आंतकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें गायत्री मंत्र का पाठ कर शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल ने इस घटना की कडी निन्दा करते हुए कहा कि शाखा भुसावर इस आंतकी हमलें में शहीद हुए पर्यटकों की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करता है और उनके परिजनों को इस दुख की घडी में सांत्वना व्यक्त करता है। इस मौके पर प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल, शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल, सचिव डा. विजय पहाडिया, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल, हेमन्त पाण्डेय, ताराचंद गोयल, दिलीप सिंघल, अमित सिंघल, रवि सिंघल, आदि मौजूद रहे।

### गिव अप अभियान की समीक्षा की

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)।उपखण्ड भुसावर क्षेत्र में संचालित उचित मूल्य की दुकानों का प्रवर्तन निरीक्षक विजय कुमार मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे गिव अप अभियान को लेकर समीक्षा की गई। प्रवर्तन निरीक्षक विजय कुमार मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने के लिए गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भरतपुर जिले में जिला रसद अधिकारी पवन अठावाल के नेतृत्व में सैकडों अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं जिनसे अब वसूली की जाएगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अन्तिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र परिवारों को अपना नाम स्वेच्छा से हटाने के लिए गिव अप अभियान प्रारम्भ किया गया है।

### प्रधानाचार्यों की बैठक

**भरतपुर**, (निसं)। डॉ यशपाल - उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मन्दिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर में आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिरों के प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 26 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री गोविन्द कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिशु वाटिका के महत्व पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्या भारती संस्थान जयपुर के प्रान्त निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र भानु व्यवस्थापक मल्ल सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार अठावाल जिला सचिव सन्तोष कुमार कटारा ने संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ यशपाल - उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्या मन्दिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर भरतपुर उप समिति के अध्यक्ष हेमराज गोयल जिला संस्कार केन्द्र प्रमुख चैतन्य प्रकाश अठावाल जिला कार्यालय सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

### संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर**, (निसं)। समता आंदोलन भरतपुर की ओर से संभागीय आयुक्त को प्रधानमंत्री के नाम पहलगांव कश्मीर में आतंकियों द्वारा निरपराध पर्यटकों की हत्या किए जाने के विरोध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आतंकियों के विरुद्ध सख्त से सख्त करवाई की जावे एवं आतंकवादियों की जननी पाकिस्तान की सर जमीन को समाप्त किया जाए। हम समतावादी लोग इस दुख की घडी में देश के साथ खड़े हैं एवं जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संकट की इस घडी में हम समतावादी आपके द्वारा इस आतंकवादी व उसको सहारा देने वाली शक्तियों के विरुद्ध उठाए गए प्रत्येक प्रयास के लिए आपके साथ हैं। कृपया संपूर्ण राष्ट्र की आकांक्षा वआदर का ध्यान रखते इंतजार ना करें। चिंता व चेतावनी से बढ़कर आपके द्वारा आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने का हम पूर्ण समर्थन करते हैं। हर इंसान एक समान एक, एक राष्ट्र एक जान ,मेरा भारत महान'' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पित आंदोलन का प्रत्येक समतावादी तन मन धन से भारत राष्ट्र को समर्पित है। इस अवसर पर समता आंदोलन के संभागीय अध्यक्ष हेमराज गोयल, संभागीय शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ,शहर अध्यक्ष सुनील बंसल ,कौशलेश शर्मा,अशोक कुमार शर्मा सारस ,बालकृष्ण बंसल वार्ड अध्यक्ष, दुष्यंत पाराशर, अनिल कुमार भारद्वाज, देवेंद्र मोहन तिवारी ,हरिओम हरि, मुरारी लाल शर्मा,ईश्वरी प्रसाद प्रसाद शर्मा, कौशलेश शर्मा ,परशुराम शर्मा आदि अनेक समतावादी समता आंदोलन के सदस्य मौजूद रहे

# सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर जुटाया सहयोग

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। करौली विधानसभा की ग्राम पंचायत खीप का पुरा की ढाणी सावरे का पुरा में विगत दिनों अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण कई घर जल गये थे। जिनका रहने,खाने-पीने,ओढ़ने-बिछाने एवं दैनिक उपयोग में काम आने वाली सामग्री सहित अन्य सामान जल गया था। जिसकी सूचना लगते ही करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने 2 लाख 50 हजार एवं खीप का पुरा सरपंच बबलू जाटव ने एक लाख रुपये ग्रामीणों को सहायता राशि दी गई ।

सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन भास्कर ने जानकारी देते हुआ बताया कि नुक़सान ज़्यादा होने की स्तिथि

■ **2 लाख 27 हजार रुपये एवं 27 क्विंटल गेहूं ग्रामीणों को किये सुपुर्द**

देखकर सोशल मीडिया पर अभियान चलाने की हुई जिसमें जन सहयोग से 2 लाख 27 हजार रुपये एवं 27 क्विंटल गेहूँ एकत्रित किये गये।पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी तारा चंद जाटव ने बताया कि सर्व समाज के सहयोग से सहयोगकर्ताओं, दानदाताओं और भामाशाहों के सहयोग से जो रुपये और अनाज जुटाया गया उसे पाँच सदस्यीय कमेटी का गठन कर उनको सुपुर्द कर दिया गया । प्रशासन द्वारा बनाई गई फर्द रिपोर्ट के अनुसार जिसका जितना नुक़सान हुआ उसी के अनुसार उसे सहयोग राशि और अनाज का वितरण स्थानीय ग्रामीणों की कमेटी के द्वारा किया जायेगा।सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर सहयोग प्राप्त करने में डॉ. अंबेडकर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति गंगापुर के अध्यक्ष मदन मोहन जाटव एवं उनकी समस्त टीम, डॉ. अम्बेडकर जयंती समिति मिल्कीपुरा, रारोदिया का पुरा, शेरपुर सरपंच लाखन सिंह जाटव, ताराचंद जाटव, सतीश कुमार जाटव सहायक राजस्व लेखा अधिकारी, गोपाल फोजी,मदन मोहन भास्कर, रिंकू जाटव खेड़ी हैवत, देशराज आदि का विशेष योगदान रहा। इसी गांव की बेटी की 30 अप्रैल की शादी थी जिसमें शादी का पूरा सामान जल जाने के कारण बहुत परेशान था। जिसे देखकर एम वी स्टोर के मालिक छल्लेश्वर हिंडोनिया ने शादी के लिए सम्पूर्ण राशन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गइ।

सहयोग करने वाले रामबाबू ठेकेदार, रामप्रसाद ठेकेदार करसौली, हट्टीराम ठेकेदार,धर्म सिंह ठेकेदार बनकी, छल्लेश्वर हिंडोनिया, अश्वनी पार्षद, गोपाल फोजी, अमरसिंह ठेकेदार साई मोटर्स धंधावली, मेघसिंह ठेकेदार आलावाड़ा, शेरपुर सरपंच लाखन सिंह जाटव, खेमसिंह ठेकेदार, ओमप्रकाश करसोलिया, डॉ. अंबेडकर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति गंगापुर सिटी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति मिल्कीपुरा, रारोदिया का पुरा सहित दो सौ से ज़्यादा लोगों ने सहायता की। सभी सहयोगव कर्ताओं, दान दाताओं,भामाशाहों की ग्रामीणों और सर्व समाज के लोगों ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।



सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर सहयोग जुटाया।

### ज्ञापन सौंपा

**करौली**, (निसं)। दलित महिला चिकित्सक को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पे'ाकर चिकित्सक पर हो रहे अत्याचार के दोषियो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

सामाजिक कार्यकर्ता भूरसिंह चैधरी, विपिन शर्मा,पूर्व पार्षद राजेन्द्र सारस्वत, ललित हरदैनिया, फूलचंद जाटव,सुरेश मिस्त्री के साथ कई अन्य लोगो ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपकर बताया कि डॉ. वंदना पिछले तीन वर्षो से रोधई सीएससी पर कार्यरत है जिसको सीएमएचओ कार्यालय का लिपिक ईमरान खान द्वारा वदनियती से उसे हर तरह से प्रताडित किया जा रहा है चिकित्सक द्वारा पूर्व मे भी जिला कलेक्टर को लिखित में शिकायत प्रस्तुत कि गई कार्यवाही के भय से एलडीसी को बचाते हुए सीएमएचओ डॉ. दिने'ा मीणा द्वारा जॉच कमेटी आने से पूर्व उन्हे एपीओ कर दिया है उन्होने बताया कि महिला चिकित्सक इतनी मजबूर है कि या तो चिकित्सक इनकी मं'ाा को पूरी करे अन्यथा उनसे प्रताडित होकर आत्महत्या जैसी परिस्थिति सामने ला दी है उन्होने कहा कि मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी का भी आतंक पूरी तरह से फैला हुआ है जिनकी कोई शिकायत करने तक को तैयार नही है।

# तीन सदस्यीय राज्य स्तरीय जांच टीम करौली पहुंची

**करौली**, (निसं) एक महिला चिकित्सक से सुविधा शुल्क लेने और अस्मत मांगने सहित प्रताड़ित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है जिस मामले की एक ओर तो राज्य स्तरीय गठित तीन सदस्सीय टीम करौली पहुंचकर जांच कर रही है तो दूसरी ओर शहर के सामाजिक लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर दलित महिला चिकित्सक पर हो रहे अत्याचार के दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

ज्ञात रहे की करौली जिले के मंडरायल उपखंड क्षेत्र के रोधई सीएचसी पर कार्यरत दलित महिला चिकित्सक ने गत दिनो करौली जिला कलेक्टर एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग भरतपुर के संयुक्त निदेशक को लिखित में शिकायती पत्र के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश मीणा एवं एक लिपिक ईमरान खान पर अनर्गल परेशान करने और प्रताड़ित करने एवं सुविधा शुल्क मांगने के अलावा अस्मत मांगने की जानकारी दी गई जिस महिला चिकित्सक का शिकायती पत्र फेसबुक और सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला और गंभीर बन गया जिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ बी एल मीणा की अध्यक्षता में रविवार को सामान्य चिकित्सालय मे बैठक आयोजित हुई थी जिस बैठक में सीएमएचओ डॉक्टर दिनेश चंद मीणा भी उपस्थित थे जिनसे चिकित्सा संघ अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयो, चिकित्सकों ने मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई जिस सूचना पर सीएमएचओ ने तुरंत कार्यवाही करते हुए कार्यालय के ईमरान खान और राहुल मीणा को एपीओ करते हुए निदेशक कार्यालय के लिए कार्य मुक्त भी कर दिया इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य स्तरीय तीन सदस्सीय कमेटी बुधवार को करौली पहुंची इस कमेटी में निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना के नोडल अधिकारी डॉ रामबाबू जायसवाल, एनएचएम मुख्यालय कीएसएनओ डॉक्टर किरण नागपाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं कोटा जॉन संयुक्त निदेशक डॉक्टर एमपी सिंह शामिल है जांच दल के डॉक्टर रामबाबू जायसवाल से मोबाइल पर हुई वार्ता में उन्होंने कहा कि रोधई सीएससी पहुंचकर शिकायतकर्ता महिला चिकित्सक सहित स्टाफ के बयान लिए गए हैं।

इसके अलावा मंडरायल अस्पताल के चिकित्सकों के भी बयान लिए गए इसके बाद दोपहर करौली सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित लिपिक ईमरान खान एवं राहुल मीणा के भी बयान लिए गए उन्होंने कहा कि अभी जांच जारी है रोधई में ठाामीणों के भी बयान लिए गए हैं अब मामले का विश्लेषण किया जा रहा है उसके बाद ही सत्यता की जांच रिपोर्ट तैयार होगी इधर शहर के सामाजिक लोगों ने जिला कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि जिस सीएमएचओ के खिलाफ शिकायत है उसी ने अपना बचाव करने की खातिर कार्यालय के दो कार्मिकों को एपीओ कर दिया है।

# कार्मिकों ने सौंपा ज्ञापन

**करौली**, (निसं)। करौली में मनरेगा कर्मचारियों ने ग्रामीण विकास संघ राजस्थान के बैनर तले एक दिवसीय प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जिला परिषद कार्यालय परिसर में धरना देकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रतिनिधि मनोज और अजय सिंह ने प्रमुख मांगों की जानकारी दी। इनमें संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल है। सेवा अवधि के अनुसार स्थायी नियुक्ति की मांग की गई है। सचिव नियम 2022 के तहत नियुक्तियों का क्रियान्वयन भी मांगों में शामिल है। 31 मार्च 2025 तक कार्यरत कर्मचारियों को एक वर्ष का एग्रीमेंट और उसके बाद नियमित नियुक्ति की मांग रखी गई है।

कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार और ग्रामीण विकास विभाग लंबे समय से लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कई बार निवेदन और पत्राचार के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### परिंडे लगाए

**करौली**, (निसं)। चैनपुर महात्मा गाँधी विद्यालय के स्टाफ और आयुर्वेद चिकित्सक ने किया पौधारोपण और परिंदों को शीतल पेय के लिए परिंडे लगाने के बाद नियमित शुद्ध पानी सिंचित करने की जिम्मेदारी स्टाफ द्वारा ली गई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि 50 पौधें लगाए गए जिनमें अधिकांश औषधि उपयोगी पौधें लगाए गए हैं।

# 'आपणी सड़क' पुस्तक का विमोचन

**भरतपुर**, (निसं)। पॉलिटेक्निक कॉलेज में राज्य सरकार से सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं रखरखाव में पारदर्शिता लाने तथा तकनीकी विद्यार्थियों को प्रायोगिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के संयुक्त तत्वाधान में संचालित सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा सोमवार को जिले में पहुंची। यह यात्रा प्रदेश के सभी 33 जिलों से होते हुए बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रीगंगानगर में संपन्न होगी। भरतपुर इस यात्रा का 20 वां पड़ाव रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) जसवंत लाल खत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ की। इस अवसर पर आपणी सड़क नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम राज्य सरकार से सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं रखरखाव में पारदर्शिता लाने तथा तकनीकी विद्यार्थियों को प्रायोगिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के संयुक्त तत्वाधान में संचालित सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा सोमवार को जिले में पहुंची। यह यात्रा प्रदेश के सभी 33 जिलों से होते हुए बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रीगंगानगर में संपन्न होगी। भरतपुर इस यात्रा का 20 वां पडाव रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) जसवंत लाल खत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ की।

इस अवसर पर आपणी सड़क नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेंद्र कुमार, राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य महेंद्र शर्मा, अधीक्षण अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण भरतपुर सुरेंद्र शर्मा, अधीक्षण अभियंता व्रत भरतपुर आरजी मीणा, अधिशासी अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण खंड भरतपुर रविंद्र सिंह सहित अन्य तकनीकी अधिकारी एवं प्रवक्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया इस दौरान सड़क सुरक्षा दोष निवारण अवधि और गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। बाद में विद्यार्थियों को सार्वजनिक निर्माण विभाग की टीमों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भेजा, जहां उन्होंने सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। प्रत्येक टीम में अधिशासी अभियंता तकनीकी विशेषज्ञ और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी सम्मिलित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।



सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ( गुणवत्ता नियंत्रण ) खत्री ने पौधारोपण किया।

## सार-समाचार

### फिरोती के मामले में चार गिरफ्तार



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस ने अपहरण और फिरौती के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में एक महिला समेत चार आरोपियों को पकडा गया है। आरोपियों ने 16 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति का अपहरण किया। उसे नंगा कर मारपीट की। पीडित से 5 हजार रुपए की फिरौती वसूली। इसके बाद उसे छोड दिया। पीडित ने गंगापुर सिटी सदर थाने में मामला दर्ज कराया था। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जयपुर की वैशाली बेनीवाल उर्फ टीना (30), डीग से अनिल कुमार (31), पीलौदा से आजाद अहमद (23) और राजकुमार मीना (25) को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में थानाधिकारी बनी सिंह के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक रामबाबू, कॉन्स्टेबल राजमल, कॉन्स्टेबल तेजराम और महिला कॉन्स्टेबल मीराबाई की टीम शामिल रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा और वृत्ताधिकारी संतराम मीना ने कार्रवाई का सुपरविजन किया।

### सम्मान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**करौली**, (निसं)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता विकास बारेठ एवं कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा रहे। कार्यक्रम कि शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट पर दीप प्रचलित कर कि गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विकास बारेठ ने अपने उद्बोधन में कहां की भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को कांठोस शासन में लगातार उपेक्षा और विरोध का सामना करना पड़ा। 1951 में कांठोस द्वारा हिंदू कोड बिल का समर्थन किए जाने पर उन्होंने देश के पहले कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया जो कांठोस के खिलाफ उनके विरोध का प्रमाण है वहीं भाजपा ने बाबा साहब की सामाजिक न्याय और शक्ति करण के विचारों को अपनाया मोदी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस तथा 14 अप्रैल को समरसता दिवस घोषित किया इसही ओर बाबा साहब की याद में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि सरकार ने डॉ. अंबेडकर से जुड़ी पांच प्रमुख स्थानों को विकसित किया जिन्हें पंच तीर्थ कहा गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रहलाद सिंहल, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,लोकसभा प्रत्याशी इंदुदेवी,सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, फूलचंद जाटव, हट्टी राम बैरवा,सुरेश शुक्ला,अशोक वर्मा,विद्या वैष्णव,आशीष जैन,तेजेंद्र सिंह जादौन, नितेश महावर,विक्की गुरु,पंकज अठावाल,कपिल मित्तल,गोपाल शर्मा,कान्हा व्यास,उत्तम सिंह जादौन, पुष्पेंद्र बंसल,अजय पाल,बृजेश गुरु,मुकेश सोनी,मदन मोहन स्वामी, जगदीश शर्मा, दयाल गुर्जर आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहनाज व साजिद फिर बनेंगे प्रधान

**कामां**, (निसं)। पूर्व मंत्री जाहिदा खान की बेटी शहनाज खान कामां पंचायत समिति की प्रधान और बेटा साजिद खान पहाड़ी पंचायत समिति के प्रधान थे। राजस्थान में सरकार बदलने के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया था। निलंबन आदेश को राजस्थान उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने 6 मई 2024 को निलंबन आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भी दोनों को चार्ज नहीं दिया गया था। इस पर न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई थी। सोमवार को सुनवाई से पहले रविवार को कामां प्रधान शहनाज खान और पहाड़ी प्रधान साजिद खान के निलंबन आदेश को स्थगित करते हुए न्यायालय में जवाब प्रस्तुत किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता समर सिंह ओला ने बताया कि शहनाज खान को विभागीय आदेश राजकाज 5950981 दिनांक 5 मार्च 2024 के तहत निलंबित किया गया था। इसके खिलाफ शहनाज खान और जलीश खान ने एस.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 5029/2024 दायर की थी। इसी मामले में साजिद खान और जलील खान ने भी याचिका संख्या 2977/2024 दाखिल की थी। उच्च न्यायालय ने 6 मई 2024 को आदेश जारी कर शहनाज खान के निलंबन आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन को रिट याचिका के निस्तारण तक स्थगित कर दिया है। न्यायालय के आदेश की पालना में शहनाज खान के विरुद्ध जारी निलंबन आदेश को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इसी प्रकार पंचायत समिति पहाड़ी के प्रधान साजिद खान को विभागीय आदेश राजकाज 5604624 दिनांक 12 फरवरी 2024 के तहत निलंबित किया गया था। साजिद खान ने भी अपने निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 6 मई 2024 को आदेश जारी कर साजिद खान के निलंबन आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन को भी रिट याचिका के निस्तारण तक स्थगित कर दिया है। पूर्व मंत्री जाहिदा खान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने तानाशाही दिखाते हुए निलंबन किया था। उच्च न्यायालय ने 6 मई 2024 को निलंबन आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भी सरकार के दबाव में चार्ज नहीं दिया गया था। जाहिदा खान ने कहा कि न्याय मिलने में समय जरूर लगा लेकिन सत्य की जीत हुई है।

### वयोवृद्ध भामाशाह का अभिनंदन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति द्वारा विधवा सहायतार्थ लक्की कूपन ड्रॉ का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। समाज के वयोवृद्ध 102 वर्षीय कन्हैया लाल कुनकटा ने पहला ड्रॉ निकाला। इस अवसर पर पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग और जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ड्रॉ में कुल 101 इनाम रखे गए। इनमें एक एलईडी टीवी, दो वाशिंग मशीन, पांच माइक्रोवेव, दस मिक्सी, ग्यारह पंखे और इक्कीस ग्राइंडर शामिल थे। कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान किया गया। साथ ही विधवा महिलाओं को मई माह की पेंशन का वितरण भी किया गया। समिति के प्रचार प्रसार मंत्री वेदप्रकाश मंगल ने बताया कि 344 कूपन बेचकर विधवा सहायता राशि एकत्रित की गई। इस राशि से 140 विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 500 रुपए दिए जाएंगे।

### श्रद्धांजलि आज

**करौली**, (निसं)। भारत के प्रमुख पर्यटक स्थल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सह परिवार घूमने गए देश विदेश के पर्यटकों की गत 22 अप्रेल को खूबसूरत वादियों को लहू लुहान करते हुए परिजनों के समक्ष आतंकवादियों के द्वारा 27 पर्यटकों की धर्म पूछ कर नृपशंस हत्या कर दी गई। जिससे देश के आम नागरिकों में भारी आक्रोश है जिसको लेकर आज करौली मे श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा।

### वार्डों के परिसीमांकन के निर्देश

**करौली**, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया है कि नगरपालिका सूरोठ में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार वार्डों के गठन एवं परिसीमांकन के निर्देश दिये गये है। स्वायत्त शासन विभाग के उक्त पत्र के अनुसार नगरपालिका सूरौठ में वार्डो की कुल संख्या 20 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि 5 मई तक जन साधारण द्वारा आपत्तियॉ प्रस्तुत की जा सकती है। जिला कलेक्टर ने बताया कि उक्त अवधि कर समाप्ति के पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आम सूचना** हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल श्रीमती सवित्री पत्नी विष्णु एवं श्रीमती अनारवती पत्नी बंटी एक संपत्ति, एक भूखण्ड (प्लॉट) जो कि पट्टा विलेख संख्या 21698 के अंतर्गत स्थित है वार्ड नं. 05, नीमघाटा मोहल्ला, कस्बा डीग, तहसील डीग, जिला डीग, राजस्थान-321203, प्रारंभ में, नगर पालिका मण्डल, डीग, जिला भरतपुर, राजस्थान द्वारा पट्टा विलेख संख्या 21698 श्री दामोद्र लाल सैनी पुत्र श्री कल्लन के पक्ष में दिनांक 19.09.2022 को जारी किया गया था, जिसे उप पंजीयक कार्यालय डीग में दिनांक 02.11.2022 को पंजीकृत किया गया। इसके पश्चात, उक्त भूखण्ड का विक्रय विलेख श्री दामोद्र लाल सैनी ने श्रीमती शकुंतला पत्नी विष्णु कुमार के पक्ष में दिनांक 24.07.2024 को निष्पादित किया, जो कि उप पंजीयक कार्यालय डीग में उसी दिनांक को पंजीकृत हुआ। तत्पश्चात, श्रीमती शकुंतला ने उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख श्रीमती सवित्री पत्नी विष्णु एवं श्रीमती अनारवती पत्नी बंटी के पक्ष में दिनांक 12.02.2025 को निष्पादित किया, जो दिनांक 12.02.2025 को उप पंजीयक कार्यालय डीग में पंजीकृत हुआ। अब उपरोक्त संपत्ति से संबंधित मूल पट्टा विलेख संख्या 21698, जो दिनांक 19.09.2022 को जारी एवं दिनांक 02.11.2022 को पंजीकृत हुआ था गुम/खो गया है। तथा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से ऋण ले रही है। अत: यह सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस संपत्ति की स्वामित्व स्थिति या इस ऋण प्रक्रिया से संबंधित कोई आपत्ति हो, किसी व्यक्ति / संस्था या प्राधिकरण को उपरोक्त संपत्ति, उसके स्वामित्व या गुम हुए दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा बाद गुजरने याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी व सो सूचित रहें।

मुकुंद पंचारिया (एडवोकेट)
पता- 711, सातवीं मंजिल, एलीमेंट्स मॉल, डीसीएम, अजमेर रोड, जयपुर
मो. 7793033590, 9829290229
दिनांक : 28.04.2025